nt>

Title: Need to construct a national memorial in honour of Dr. Babasaheb Ambedkar at Mumbai and Delhi.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, बाबासाहेब अम्बेडकर की चैत्य भूमि में जो राट्रीय स्मारक है, इस राट्रीय स्मारक को खड़ा करने के लिए भारत सरकार से हम मांग करते हैं कि आने वाले बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की आवश्यकता है। बाबासाहेब अम्बेडकर जी के मैमोरियल को वहां डवलप करने का काम राज्य सरकार ने चालू कराया है, उसके लिए 10 करोड़ रुपये दिये हैं, लेकिन इसमें सी.आर.जैड. की प्रोब्लम है, इसलिए सावरकर जी के मैमोरियल के बाजू में एन.डी.ए. की सरकार ने परमीशन दे दी थी। उसी तरह यू.पी.ए. की सरकार से भी हमारी मांग यह है कि बाबासाहेब अम्बेडकर जी के मैमोरियल में सी.आर.जैड की प्रोब्लम को हल करते हुए भारत सरकार को 50 करोड़ रुपये देने चाहिए। उसी तरह 26 अलीपुर रोड, जो दिल्ली में है, वहां भी बाबासाहेब का स्मारक बनाने के लिए 50 करोड़ रुपये भारत सरकार को देने चाहिए, यह हमारी मांग है। ठीक है?

अध्यक्ष महोदय : ठीक है या नहीं, यह मंत्री जी डिसाइड करेंगे, हम नहीं। Shri Ilyas Azmi, you have to wait for some time and you have to show some patience. You are setting a bad example to new Members.